अब्रूए पैवस्ता का आ़लम दिखाते जाएंगे

कुछ ख़बर भी है फ़क़ीरो आज वोह दिन है कि वोह
ने'मते ख़ुल्द अपने सदक़े में लुटाते जाएंगे

ख़ाक उफ़्तादो बस उन के आने ही की देर है
ख़ुद वोह गिर कर सज्दा में तुम को उठाते जाएंगे

वुस्अ़तें दी हैं ख़ुदा ने दामने महबूब को
जुर्म खुलते जाएंगे और वोह छुपाते जाएंगे

लो वोह आए मुस्कुराते हम असीरों की त़रफ़
ख़िर्मने इस्यां पर अब बिजली गिराते जाएंगे

आंख खोलो ग़मज़दो देखो वोह गिर्यां आए हैं
लौहे़ दिल से नक़्शे ग़म को अब मिटाते जाएंगे

सोख़्ता जानों पे वोह पुरजोशे रह़मत आए हैं
आबे कौसर से लगी दिल की बुझाते जाएंगे

आफ़्ताब उन का ही चमकेगा जब औरों के चराग़
सर-सरे जोशे बला से झिल-मिलाते जाएंगे

पाए कूबां पुल से गुज़रेंगे तेरी आवाज़ पर
रब्बे सल्लिम की सदा पर वज्द लाते जाएंगे

सरवरे दीं लीजे अपने ना तुवानों की ख़बर
नफ़्सो शैतां सय्यिदा कब तक दबाते जाएंगे

ह़श्र तक डालेंगे हम पैदाइशे मौला की धूम
मिस्ले फ़ारिस नज्द के क़ल्ए़ गिराते जाएंगे

ख़ाक हो जाएं अ़दू जल कर मगर हम तो रज़ा
दम में जब तक दम है ज़िक्र उन का सुनाते जाएंगे

चमक तुझ से पाते हैं सब पाने वाले

चमक तुझ से पाते हैं सब पाने वाले
मेरा दिल भी चमका दे चमकाने वाले

बरसता नहीं देख कर अब्रे रह़मत
बदों पर भी बरसा दे बरसाने वाले

मदीने के ख़ित्ते ख़ुदा तुझ को रख्खे
ग़रीबों फ़क़ीरों के ठहराने वाले

तू ज़िन्दा है वल्लाह तू ज़िन्दा है वल्लाह
मेरे चश्मे आ़लम से छुप जाने वाले

मैं मुजरिम हूं आक़ा मुझे साथ ले लो
कि रस्ते में हैं जा बजा थाने वाले

ह़रम की ज़मीं और क़दम रख के चलना
अरे सर का मौक़अ़ है ओ जाने वाले

चल उठ जब्हा फ़रसा हो साक़ी के दर पर
दरे जूद ऐ मेरे मस्ताने वाले

तेरा खाएं तेरे गुलामों से उलझें
हैं मुन्किर अ़जब खाने गुर्राने वाले

रहेगा यूं ही उन का चरचा रहेगा
पड़े ख़ाक हो जाएं जल जाने वाले

अब आई शफ़ाअ़त की साअ़त अब आई
ज़रा चैन ले मेरे घबराने वाले

रज़ा नफ़्स दुश्मन है दम में न आना
कहां तुम ने देखे हैं चंदराने वाले

आंखें रो रो के सुजाने वाले

आंखें रो रो के सुजाने वाले
जाने वाले नहीं आने वाले

कोई दिन में येह सरा ऊजड़ है
अरे ओ छाउनी छाने वाले

ज़ब्ह़ होते हैं वत़न से बिछड़े
देस क्यूं गाते हैं गाने वाले

अरे बद फ़ाल बुरी होती है
देस का जंगला सुनाने वाले

सुन लें आ'दा मैं बिगड़ने का नहीं
वोह सलामत हैं बनाने वाले

आंखें कुछ कहती हैं तुझ से पैग़ाम
ओ दरे यार के जाने वाले

फिर न करवट ली मदीने की त़रफ़
अरे चल झूटे बहाने वाले

नफ़्स मैं ख़ाक हुवा तू न मिटा
है ! मेरी जान के खाने वाले

जीते क्या देख के हैं ऐ हूरो !
त़यबा से ख़ुल्द में आने वाले

नीम जल्वे में दो आ़लम गुलज़ार
वाह वा रंग जमाने वाले

हुस्न तेरा सा न देखा न सुना
कहते हैं अगले ज़माने वाले

वोही धूम उन की है مَاشَآءَاللّٰه
मिट गए आप मिटाने वाले

लबे सैराब का सदक़ा पानी
ऐ लगी दिल बुझाने वाले

साथ ले लो मुझे मैं मुजरिम हूं
राह में पड़ते हैं थाने वाले

हो गया धक से कलेजा मेरा
हाए रुख़्सत की सुनाने वाले

ख़ल्क़ तो क्या कि हैं ख़ालिक़ को अज़ीज़
कुछ अजब भाते हैं भाने वाले

कुश्तए दश्ते ह़रम जन्नत की
खिड़कियां अपने सिरहाने वाले

क्यूं रज़ा आज गली सूनी है
उठ मेरे धूम मचाने वाले

क्या महक्ते हैं महक्ने वाले

क्या महक्ते हैं महक्ने वाले
बू पे चलते हैं भटक्ने वाले

जगमगा उठी मेरी गोर की ख़ाक
तेरे कुरबान चमक्ने वाले

महे बे दाग़ के सदके़ जाऊं
यूं दमक्ते हैं दमक्ने वाले

अ़र्श तक फैली है ताबे आ़रिज़
क्या झलक्ते हैं झलक्ने वाले

गुले त़यबा की सना गाते हैं
नख़्ले तूबा पे चहक्ने वाले

आ़सियो ! थाम लो दामन उन का
वोह नहीं हाथ झटक्ने वाले

अब्रे रह़मत के सलामी रहना
फलते हैं पौदे लचक्ने वाले

अरे येह जल्वा गहे जानां है
कुछ अदब भी है फड़क्ने वाले

सुन्नियो ! उन से मदद मांगे जाओ
पड़े बकते रहें बकने वाले

शम्ए़ यादे रुख़े जानां न बुझे
ख़ाक हो जाएं भड़क्ने वाले

मौत कहती है कि जल्वा है क़रीब
इक ज़रा सो लें बिलक्ने वाले

कोई उन तेज़ रवों से कह दो
किस के हो कर रहें थकने वाले

दिल सुलगता ही भला है ऐ ज़ब्त़
बुझ भी जाते हैं दहक्ने वाले

हम भी कुम्ह्लाने से ग़ाफ़िल थे कभी
क्या हंसा गुन्चे चटक्ने वाले

नख़्ल से छुट के येह क्या ह़ाल हुवा
आह ओ पत्ते खड़क्ने वाले

जब गिरे मुंह सूए मैख़ाना था
होश में हैं येह बहक्ने वाले

देख ओ ज़ख़्मे दिल आपे को संभाल
फूट बहते हैं तपक्ने वाले

मै कहां और कहां मैं ज़ाहिद
यूं भी तो छकते हैं छकने वाले

कफ़े दरियाए करम में हैं रज़ा
पांच फ़व्वारे छलक्ने वाले

राह पुरख़ार है क्या होना है

राह पुरख़ार है क्या होना है
पाउं अफ़्गार है क्या होना है

ख़ुश्क है ख़ून कि दुश्मन ज़ालिम
सख़्त ख़ूंख़ार है क्या होना है

हम को बिद कर वोही करना जिस से
दोस्त बेज़ार है क्या होना है

तन की अब कौन ख़बर ले हय ! हय !
दिल का आज़ार है क्या होना है

मीठे शरबत दे मसीहा जब भी
ज़िद है इन्कार है क्या होना है

दिल, कि तीमार हमारा करता
आप बीमार है क्या होना है

पर कटे तंग क़फ़स और बुलबुल
नौ गिरिफ़्तार है क्या होना है

छुप के लोगों से किये जिस के गुनाह
वोह ख़बरदार है क्या होना है

अरे ओ मुजरिमे बे परवा देख
सर पे तलवार है क्या होना है

तेरे बीमार को मेरे ईसा
ग़श लगातार है क्या होना है

नफ़्से पुरज़ोर का वोह ज़ोर और दिल
ज़ेर है ज़ार है क्या होना है

काम ज़िन्दां के किये और हमें
शौक़े गुलज़ार है क्या होना है

हाए रे नींद मुसाफ़िर तेरी
कूच तय्यार है क्या होना है

दूर जाना है रहा दिन थोड़ा
राह दुश्वार है क्या होना है

घर भी जाना है मुसाफ़िर कि नहीं
मत पे क्या मार है क्या होना है

जान हलकान हुई जाती है
बार सा बार है क्या होना है

पार जाना है नहीं मिलती नाउ
ज़ोर पर धार है क्या होना है

राह तो तैग़ पर और तल्वों को
गिलए ख़ार है क्या होना है

रोशनी की हमें आ़दत और घर
ती-रओ तार है क्या होना है

बीच में आग का दरिया ह़ाइल
क़स्द उस पार है क्या होना है

इस कड़ी धूप को क्यूंकर झेलें
शो'ला-ज़न नार है क्या होना है

हाए बिगड़ी तो कहां आ कर नाउ
ऐ़न मंजधार है क्या होना है

कल तो दीदार का दिन और यहां
आंख बेकार है क्या होना है

मुंह दिखाने का नहीं और सहर
आ़म दरबार है क्या होना है

उन को रह़्म आए तो आए वरना
वोह कड़ी मार है क्या होना है

ले वोह ह़ाकिम के सिपाही आए
सुब्हे़ इज़्हार है क्या होना है

वां नहीं बात बनाने की मजाल
चारह इक़रार है क्या होना है

साथ वालों ने यहीं छोड़ दिया
बे कसी यार है क्या होना है

आख़िरी दीद है आओ मिल लें
रन्ज बेकार है क्या होना है

दिल हमें तुम से लगाना ही न था
अब सफ़र बार है क्या होना है

जाने वालों पे येह रोना कैसा
बन्दा नाचार है क्या होना है

नज़्अ़ में ध्यान न बट जाए कहीं
येह अ़बस प्यार है क्या होना है

इस का ग़म है कि हर इक की सूरत
गले का हार है क्या होना है

बातें कुछ और भी तुम से करते
पर कहां वार है क्या होना है

क्यूं रज़ा कुढ़ते हो हंसते उठो
जब वोह ग़फ़्फ़ार है क्या होना है

किस के जल्वे की झलक है येह उजाला क्या है

किस के जल्वे की झलक है येह उजाला क्या है
हर त़रफ़ दीदए हैरत ज़दा तक्ता क्या है

मांग मन मानती मुंह मांगी मुरादें लेगा
न यहां "ना" है न मंगता से येह कहना "क्या है"

पन्द कड़वी लगे नासेह़ से तुर्श हो ऐ नफ़्स
ज़हरे इस्यां में सितम-गर तुझे मीठा क्या है

हम हैं उन के वोह हैं तेरे तो हुए हम तेरे
इस से बढ़ कर तेरी सम्त और वसीला क्या है

उन की उम्मत में बनाया उन्हें रह़मत भेजा
यूं न फ़रमा कि तेरा रह़्म में दा'वा क्या है

सदक़ा प्यारे की ह़या का कि न ले मुझ से ह़िसाब
बख़्श बे पूछे लजाए को लजाना क्या है

ज़ाहिद उन का मैं गुनहगार वोह मेरे शाफ़ेअ़ ق
इतनी निस्बत मुझे क्या कम है तू समझा क्या है

बे बसी हो जो मुझे पुरसिशे आ'माल के वक़्त
दोस्तो ! क्या कहूं उस वक़्त तमन्ना क्या है

काश फ़रियाद मेरी सुन के येह फ़रमाएं हुज़ूर
हां कोई देखो येह क्या शोर है ग़ोग़ा क्या है

कौन आफ़त ज़दा है किस पे बला टूटी है
किस मुसीबत में गिरिफ़्तार है सदमा क्या है

किस से कहता है कि लिल्लाह ख़बर लीजे मेरी
क्यूं है बेताब येह बेचैनी का रोना क्या है

इस की बेचैनी से है ख़ातिरे अक़्दस पे मलाल
बे कसी कैसी है पूछो कोई गुज़रा क्या है

यूं मलाइक करें मा'रूज़ कि इक मुजरिम है
उस से पुरसिश है बता तूने किया क्या क्या है

सामना क़हर का है दफ़्तरे आ'माल हैं पेश
डर रहा है कि ख़ुदा हुक्म सुनाता क्या है

आप से करता है फ़रियाद कि या शाहे रुसुल
बन्दा बेकस है शहा रहम में वक़्फ़ा क्या है

अब कोई दम में गिरिफ़्तारे बला होता हूं
आप आ जाएं तो क्या ख़ौफ़ है खटका क्या है

सुन के येह अर्ज़ मेरी बहरे करम जोश में आए
यूं मलाइक को हो इर्शाद "ठहरना क्या है"

किस को तुम मूरिदे आफ़ात किया चाहते हो !
हम भी तो आ के ज़रा देखें तमाशा क्या है

उन की आवाज़ पे कर उठ्ठूं मैं बे साख़्ता शोर
और तड़प कर येह कहूं अब मुझे परवा क्या है

लो वोह आया मेरा ह़ामी मेरा ग़म ख़्वारे उमम !
आ गई जां तने बे जां में येह आना क्या है

फिर मुझे दामने अक़्दस में छुपा लें सरवर
और फ़रमाएं हटो इस पे तक़ाज़ा क्या है

बन्दा आज़ाद शुदा है येह हमारे दर का
कैसा लेते हो ह़िसाब इस पे तुम्हारा क्या है

छोड़ कर मुझ को फ़िरिश्ते कहें मह़्कूम हैं हम
हुक्मे वाला की न ता'मील हो ज़ह़रा क्या है

येह समां देख के मह़्शर में उठे शोर कि वाह
चश्मे बद दूर हो क्या शान है रुत्बा क्या है

सदके़ इस रह़्म के इस सायए दामन पे निसार
अपने बन्दे को मुसीबत से बचाया क्या है

ऐ रज़ा जाने अ़नादिल तेरे नग़्मों के निसार
बुलबुले बाग़े मदीना तेरा कहना क्या है

सरवर कहूं कि मालिको मौला कहूं तुझे

सरवर कहूं कि मालिको मौला कहूं तुझे
बाग़े ख़लील का गुले ज़ैबा कहूं तुझे

ह़िरमां नसीब हूं तुझे उम्मीदे गह कहूं
जाने मुरादो काने तमन्ना कहूं तुझे

गुलज़ारे क़ुद्स का गुले रंगी अदा कहूं
दरमाने दर्दे बुलबुले शैदा कहूं तुझे

सुब्ह़े वत़न पे शामे ग़रीबां को दूं शरफ़
बेकस नवाज़ गेसूओं वाला कहूं तुझे

अल्लाह रे तेरे जिस्मे मुनव्वर की ताबिशें
ऐ जाने जां मैं जाने तजल्ला कहूं तुझे

बे दाग़ लालह या क़-मरे बे कलफ़ कहूं
बे ख़ार गुलबुने चमन-आरा कहूं तुझे

मुजरिम हूं अपने अ़फ़्व का सामां करूं शहा
या'नी शफ़ीअ़ रोजे़ जज़ा का कहूं तुझे

इस मुर्दा दिल को मुज़्दा ह़याते अबद का दूं
ताबो तुवाने जाने मसीह़ा कहूं तुझे

तेरे तो वस्फ़ ऐ़बे तनाही से हैं बरी
ह़ैरां हूं मेरे शाह मैं क्या क्या कहूं तुझे

कह लेगी सब कुछ उन के सना ख़्वां की ख़ामुशी
चुप हो रहा है कह के मैं क्या क्या कहूं तुझे

लेकिन रज़ा ने ख़त्म सुख़न इस पे कर दिया
ख़ालिक़ का बन्दा ख़ल्क़ का आक़ा कहूं तुझे

मुज़्दाबाद ऐ आसियो ! शाफ़ेअ़ शहे अबरार है

मुज़्दाबाद ऐ आसियो ! शाफ़ेअ़ शहे अबरार है
तहनियत ऐ मुजरिमो ! ज़ाते ख़ुदा ग़फ़्फ़ार है

अ़र्श सा फ़र्शे ज़मीं है फ़र्शे पा अ़र्शे बरीं
क्या निराली तर्ज़ की नामे ख़ुदा रफ़्तार है

चांद शक़ हो पेड़ बोलें जानवर सज्दे करें
بَارَكَ الله मर-जए आलम येही सरकार है

जिन को सूए आस्मां फैला के जल थल भर दिये
सदक़ा उन हाथों का प्यारे हम को भी दरकार है

लब ज़ुलाले चश्मए कुन में गुंधे वक़्ते ख़मीर
मुर्दे ज़िन्दा करना ऐ जां तुम को क्या दुश्वार है

गोरे गोरे पाउं चमका दो ख़ुदा के वासिते
नूर का तड़का हो प्यारे गोर की शब तार है

तेरे ही दामन पे हर आ़सी की पड़ती है नज़र
एक जाने बे ख़ता पर दो जहां का बार है

जोशे तूफ़ां बहूरे बे पायां हवा ना-साज़गार
नूह़ के मौला करम कर ले तो बेड़ा पार है

रह़मतुल्लिल आ़-लमीं तेरी दुहाई दब गया
अब तो मौला बे त़रह़ सर पर गुनह का बार है

ह़ैरतें हैं आईना दारे वुफ़ूरे वस्फ़े गुल
उन के बुलबुल की ख़मोशी भी लबे इज़्हार है

गूंज गूंज उठ्ठे हैं नग़माते रज़ा से बोस्तां
क्यूं न हो किस फूल की मिद्ह़त में वा मिन्क़ार है

अ़र्श की अ़क़्ल दंग है चर्ख़ में आस्मान है

अ़र्श की अ़क़्ल दंग है चर्ख़ में आस्मान है
जाने मुराद अब किधर हाए तेरा मकान है

बज़्मे सनाए ज़ुल्फ़ में मेरी अ़रूसे फ़िक्र को
सारी बहारे हश्त ख़ुल्द छोटा सा इत्र्दान है

अ़र्श पे जा के मुर्ग़े अ़क़्ल थक के गिरा ग़श आ गया
और अभी मन्ज़िलों परे पहला ही आस्तान है

अ़र्श पे ताज़ा छेड़छाड़ फ़र्श में तुरफ़ा धूमधाम
कान जिधर लगाइये तेरी ही दास्तान है

इक तेरे रुख़ की रोशनी चैन है दो जहान की
इन्स का उन्स उसी से है जान की वोह ही जान है

वोह जो न थे तो कुछ न था वोह जो न हों तो कुछ न हो
जान हैं वोह जहान की जान है तो जहान है

गोद में आ़लमे शबाब ह़ाले शबाब कुछ न पूछ !
गुलबुने बाग़े नूर की और ही कुछ उठान है

तुझ सा सियाहकार कौन उन सा शफ़ीअ़ है कहां
फिर वोह तुझी को भूल जाएं दिल येह तेरा गुमान है

पेशे नज़र वोह नौ बहार सज्दे को दिल है बे क़रार
रोकिये सर को रोकिये हां येही इम्तिह़ान है

शाने ख़ुदा न साथ दे उन के ख़िराम का वोह बाज़
सिदरा से ता ज़मीं जिसे नर्म सी इक उड़ान है

बारे जलाल उठा लिया गर्चे कलेजा शक़ हुवा
यूं तो येह माहे सब्ज़ा रंग नज़रों में धान पान है

ख़ौफ़ न रख रज़ा ज़रा तू तो है अ़ब्दे मुस्त़फ़ा
तेरे लिये अमान है तेरे लिये अमान है

उठा दो पर्दा दिखा दो चेहरा कि नूरे बारी हिजाब में है

उठा दो पर्दा दिखा दो चेहरा कि नूरे बारी हिजाब में है
ज़माना तारीक हो रहा है कि मेह्र कब से निक़ाब में है

नहीं वोह मीठी निगाह वाला ख़ुदा की रहमत है जल्वा फ़रमा
ग़ज़ब से उन के ख़ुदा बचाए जलाले बारी इताब में है

जली जली बू से उस की पैदा है सोज़िशे इश्क़े चश्मे वाला
कबाबे आहू में भी न पाया मज़ा जो दिल के कबाब में है

उन्हीं की बू मायए समन है उन्हीं का जल्वा चमन चमन है
उन्हीं से गुलशन महक रहे हैं उन्हीं की रंगत गुलाब में है

तेरी जिलौ में है माहे तयबा हिलाल हर मर्गो ज़िन्दगी का !
हयात जां का रिकाब में है ममात आ'दा का डाब में है

सियह लिबासाने दारे दुन्या व सब्ज़ पोशाने अर्शे आ'ला
हर इक है उन के करम का प्यासा येह फ़ैज़ उन की जनाब में है

वोह गुल हैं लबहाए नाज़ुक उन के हज़ारों झड़ते हैं फूल जिन से
गुलाब गुलशन में देखे बुलबुल येह देख गुलशन गुलाब में है

जली है सोज़े जिगर से जां तक है तालिबे जल्वए मुबारक
दिखा दो वोह लब कि आबे हैवां का लुत्फ़ जिन के ख़िताब में है

खड़े हैं मुन्कर नकीर सर पर न कोई हामी न कोई यावर !
बता दो आ कर मेरे पयम्बर कि सख़्त मुश्किल जवाब में है

ख़ुदाए क़ह्हार है ग़ज़ब पर खुले हैं बदकारियों के दफ़्तर
बचा लो आ कर शफ़ीए महशर तुम्हारा बन्दा अ़ज़ाब में है

करीम ऐसा मिला कि जिस के खुले हैं हाथ और भरे ख़ज़ाने
बताओ ऐ मुफ़्लिसो ! कि फिर क्यूं तुम्हारा दिल इज़्तिराब में है

गुनह की तारीकियां येह छाईं उमंड के काली घटाएं आईं
ख़ुदा के ख़ुरशीद मेह्र फ़रमा कि ज़र्रा बस इज़्तिराब में है

करीम अपने करम का सदक़ा लईमे बे क़द्र को न शरमा
तू और रज़ा से हिसाब लेना रज़ा भी कोई हिसाब में है

अंधेरी रात है ग़म की घटा इस्यां की काली है

अंधेरी रात है ग़म की घटा इस्यां की काली है
दिले बेकस का इस आफ़त में आक़ा तू ही वाली है

न हो मायूस आती है सदा गोरे ग़रीबां से
नबी उम्मत का ह़ामी है ख़ुदा बन्दों का वाली है

उतरते चांद ढलती चांदनी जो हो सके कर ले
अंधेरा पाख आता है येह दो दिन की उजाली है

अरे येह भेड़ियों का बन है और शाम आ गई सर पर
कहां सोया मुसाफ़िर हाए कितना ला उबाली है

अंधेरा घर, अकेली जान, दम घुटता, दिल उक्ताता
ख़ुदा को याद कर प्यारे वोह साअ़त आने वाली है

ज़मीं तपती, कटीली राह, भारी बोझ, घाइल पाउं
मुसीबत झेलने वाले तेरा अल्लाह वाली है

न चौंका दिन है ढलने पर तेरी मन्ज़िल हुई खोटी
अरे ओ जाने वाले नींद येह कब की निकाली है

रज़ा मन्ज़िल तो जैसी है वोह इक मैं क्या सभी को है
तुम इस को रोते हो येह तो कहो यां हाथ ख़ाली है

गुनहगारों को हातिफ़ से नवीदे ख़ुश मआली है

गुनहगारों को हातिफ़ से नवीदे ख़ुश मआली है
मुबारक हो शफ़ाअ़त के लिये अह़मद सा वाली है

क़ज़ा ह़क़ है मगर इस शौक़ का अल्लाह वाली है
जो उन की राह में जाए वोह जान अल्लाह वाली है

तेरा क़द्दे मुबारक गुलबुने रह़मत की डाली है
इसे बो कर तेरे रब ने बिना रह़मत की डाली है

तुम्हारी शर्म से शाने जलाले ह़क़ टपक्ती है
ख़मे गरदन हिलाले आस्माने ज़ुल जलाली है

ज़हे ख़ुद गुम जो गुम होने पे येह ढूंडे कि क्या पाया
अरे जब तक कि पाना है जभी तक हाथ ख़ाली है

मैं इक मोह़ताज बे वक़्अ़त गदा तेरे सगे दर का
तेरी सरकार वाला है तेरा दरबार आ़ली है

तेरी बख़्शिश पसन्दी, उ़ज़्र जूई, तौबा ख़्वाही से
उ़मूमे बे गुनाही, जुर्म शाने ला उबाली है

अबू बक्रो उ़मर उ़स्मानो ह़ैदर जिस के बुलबुल हैं
तेरा सर्वे सही उस गुलबुने ख़ूबी की डाली है

रज़ा क़िस्मत ही खुल जाए जो गीलां से ख़ित़ाब आए
कि तू अदना सगे दरगाहे ख़ुद्दामे मअ़ाली है

मैं जब मर जाऊं......

ह़ज़रते साबित बुनानी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ कहते हैं कि मुझ से ह़ज़रते अनस बिन मालिक सह़ाबी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने येह फ़रमाइश की, कि येह रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का मुक़द्दस बाल है मैं जब मर जाऊं तो तुम इस को मेरी ज़बान के नीचे रख देना, चुनान्चे मैं ने उन की वसिय्यत के मुत़ाबिक़ उन की ज़बान के नीचे रख दिया और वोह इसी ह़ालत में दफ़्न हुए। (الاصابۃ،انس بن مالك بن النضر،ج۱،ص۲۷٦)

सूना जंगल रात अंधेरी छाई बदली काली है

सूना जंगल रात अंधेरी छाई बदली काली है
सोने वालो ! जागते रहियो चोरों की रखवाली है

आंख से काजल साफ़ चुरा लें यां वोह चोर बला के हैं
तेरी गठरी ताकी है और तूने नींद निकाली है

येह जो तुझ को बुलाता है येह ठग है मार ही रख्खेगा
हाए मुसाफ़िर दम में न आना मत कैसी मतवाली है

सोना पास है सूना बन है सोना ज़ह्र है उठ प्यारे
तू कहता है नींद है मीठी तेरी मत ही निराली है

आंखें मलना झुंझला पड़ना लाखों जमाई अंगड़ाई
नाम पर उठने के लड़ता है उठना भी कुछ गाली है

जुगनू चमके पत्ता खड़के मुझ तन्हा का दिल धड़के
डर समझाए कोई पवन है या अगिया बेताली है

बादल गरजे बिजली तड़पे धक से कलेजा हो जाए
बन में घटा की भयानक सूरत कैसी काली काली है

पाउं उठा और ठोकर खाई कुछ संभला फिर औंधे मुंह
मींह ने फिस्लन कर दी है और धुर तक खाई नाली है

साथी साथी कह के पुकारूं साथी हो तो जवाब आए
फिर झुंझला कर सर दे पटकूं चल रे मौला वाली है

फिर फिर कर हर जानिब देखूं कोई आस न पास कहीं
हां इक टूटी आस ने हारे जी से रफ़ाक़त पाली है

तुम तो चांद अ़रब के हो प्यारे तुम तो अ़जम के सूरज हो
देखो मुझ बेकस पर शब ने कैसी आफ़त डाली है

दुन्या को तू क्या जाने येह बिस की गांठ है ह़र्राफ़ा
सूरत देखो ज़ालिम की तो कैसी भोली भाली है

शह्द दिखाए ज़ह्र पिलाए, क़ातिल, डाइन, शोहर कुश
इस मुर्दार पे क्या ललचाया दुन्या देखी भाली है

वोह तो निहायत सस्ता सौदा बेच रहे हैं जन्नत का
हम मुफ़्लिस क्या मोल चुकाएं अपना हाथ ही ख़ाली है

मौला तेरे अ़फ़्वो करम हों मेरे गवाह सफ़ाई के
वरना रज़ा से चोर पे तेरी डिग्री तो इक़्बाली है

नबी सरवरे हर रसूलो वली है

नबी सरवरे हर रसूलो वली है
नबी राज़दारे مَعَ اللّٰهِ لِی है

वोह नामी कि नामे ख़ुदा नाम तेरा
रऊफ़ो रहीमो अ़लीमो अ़ली है

है बेताब जिस के लिये अ़र्शे आ'ज़म
वोह इस रह-रवे ला मकां की गली है

नकीरैन करते हैं ता'ज़ीम मेरी
फ़िदा हो के तुझ पर येह इ़ज़्ज़त मिली है

त़लातुम है कश्ती पे तूफ़ाने ग़म का
येह कैसी हवाए मुख़ालिफ़ चली है

न क्यूंकर कहूं या ह़बीबी अग़िस्नी[1]
इसी नाम से हर मुसीबत टली है

1 : मेरे प्यारे मेरी फ़रियाद को पहुंचो ।12

सबा है मुझे सर-सरे दश्ते त़यबा
इसी से कली मेरे दिल की खिली है

तेरे चारों हमदम हैं यक-जान यक-दिल
अबू बक्र फ़ारूक़ उ़स्मां अ़ली है

ख़ुदा ने किया तुझ को आगाह सब से
दो आ़लम में जो कुछ ख़फ़ी व जली है

करूं अ़र्ज़ क्या तुझ से ऐ आ़लिमुस्सिर्र
कि तुझ पर मेरी ह़ालते दिल खुली है

तमन्ना है फ़रमाइये रोजे़ मह़शर
येह तेरी रिहाई की चिठ्ठी मिली है

जो मक़्सद ज़ियारत का बर आए फिर तो
न कुछ क़स्द कीजे येह क़स्दे दिली है

तेरे दर का दरबां है जिब्रीले आ'ज़म
तेरा मद्ह़ ख़्वां हर नबी व वली है

शफ़ाअ़त करे ह़श्र में जो रज़ा की
सिवा तेरे किस को येह क़ुदरत मिली है

न अ़र्श ऐमन न اِنِّیۡ ذَاھِبٌ में मेह-मानी है

न अ़र्श ऐमन न اِنِّیۡ ذَاھِبٌ[1] में मेह-मानी है
न लुत्फ़े اُدْنُ یَا اَحْمَد[2] नसीबे لَنۡ تَرَانِیۡ[3] है

नसीबे दोस्तां गर उन के दर पर मौत आनी है
खु़दा यूं ही करे फिर तो हमेशा ज़िन्दगानी है

उसी दर पर तड़पते हैं मचलते हैं बिलक्ते हैं
उठा जाता नहीं क्या खू़ब अपनी ना तुवानी है

हर इक दीवारो दर पर मेह्र ने की है जबीं साई
निगारे मस्जिदे अक्दस में कब सोने का पानी है

---

1 : मूसा عَلَیۡہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام ने फ़रमाया था : ''اِنِّیۡ ذَاھِبٌ اِلٰی رَبِّیۡ سَیَھۡدِیۡنِ'' मैं अपने रब के पास जाऊंगा वोह मुझे राह दिखाएगा।

2 : ह़दीस में है रब عَزَّ وَجَلَّ ने हमारे मौला صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم से शबे मे'राज फ़रमाया : ''اُدْنُ یَا اَحْمَدُ اُدْنُ یَا مُحَمَّدُ اُدْنُ یَا خَیْرَ الْبَرِیَّۃِ'' पास आ ऐ अह़मद ! पास आ ऐ मुह़म्मद ! पास आ ऐ तमाम जहान से बेहतर ।12

3 : मूसा عَلَیۡہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام ने कोहे तूर पर ख़्वाहिश की दीदारे इलाही की, हुक्म हुवा : ''لَنۡ تَرَانِیۡ'' तुम हरगिज़ मुझे न देखोगे। या'नी दुन्या में दीदारे इलाही की ताब किसी को नहीं, येह मर्तबए आ'ला सिर्फ़ सय्यिदुल अम्बिया صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم के लिये है।

तेरे मंगता की ख़ामोशी शफ़ाअ़त ख़्वाह है उस की
ज़बाने बे ज़बानी तरजुमाने ख़स्ता जानी है

खुले क्या राज़े मह़बूबो मुह़िब मस्ताने ग़फ़्लत पर
शराबे ! قَدْ رَأَى الْحَق[1] जैबे जामे مَنْ رَآنِى है

जहां की ख़ाक-रूबी ने चमन-आरा किया तुझ को
सबा हम ने भी उन गलियों की कुछ दिन ख़ाक छानी है

शहा क्या ज़ात तेरी ह़क़ नुमा है फ़र्दे इम्कां में
कि तुझ से कोई अव्वल है न तेरा कोई सानी है

कहां उस कूश्के जाने जिनां में ज़र की नक़्क़ाशी
इरम के त़ाइरे रंगे परीदा की निशानी है

ذِيَابٌ فِى ثِيَابٍ[2] लब पे कल्मा दिल में गुस्ताख़ी
सलाम इस्लामे मुल्ह़िद को कि तस्लीमे ज़बानी है

---

1 : रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं : ''من رانى فقد راى الحق'' जिसे मेरा दीदार हुवा उसे दीदारे ह़क़ हुवा।

2 : ह़दीस में फ़रमाया : आख़िर ज़माने में कुछ लोग होंगे ''ذِيَابٌ فِىْ ثِيَابٍ'' कपड़े पहने भेड़िये या'नी इन्सानी सूरत और भेड़िये की सीरत।12

येह अक्सर साथ उन के शा–नओ मिस्वाक का रहना
बताता है कि दिलरेशों पे ज़ाइद मेह्रबानी है

इसी सरकार से दुन्या व दीं मिलते हैं साइल को
येही दरबारे आली कन्ज़े आमालो अमानी है

दुरूदें सूरते हाला मुहीते माहे तयबा हैं
बरसता उम्मते आसी पे अब रहमत का पानी है

تعالی اللہ इस्तिग़्ना तेरे दर के गदाओं का
कि इन को आर फ़र्रो शौकते साहिब क़िरानी है

वोह सरगर्मे शफ़ाअत हैं अरक़ अफ़्शां है पेशानी
करम का इत्र सन्दल की ज़मीं रहमत की घानी है

येह सर हो और वोह ख़ाके दर वोह ख़ाके दर हो और येह सर
रज़ा वोह भी अगर चाहें तो अब दिल में येह ठानी है

सुनते हैं कि मह़शर में सिर्फ़ उन की रसाई है

सुनते हैं कि मह़शर में सिर्फ़ उन की रसाई है
गर उन की रसाई है लो जब तो बन आई है

मचला है कि रह़मत ने उम्मीद बंधाई है
क्या बात तेरी मुजरिम क्या बात बनाई है

सब ने सफ़े मह़शर में ललकार दिया हम को
ऐ बे कसों के आक़ा अब तेरी दुहाई है

यूं तो सब उन्हीं का है पर दिल की अगर पूछो
येह टूटे हुए दिल ही ख़ास उन की कमाई है

ज़ाइर गए भी कब के दिन ढलने पे है प्यारे
उठ मेरे अकेले चल क्या देर लगाई है

बाज़ारे अ़मल में तो सौदा न बना अपना
सरकार करम तुझ में ऐ़बी की समाई है

गिरते हुओं को मुज़्दा सज्दे में गिरे मौला
रो रो के शफ़ाअ़त की तम्हीद उठाई है

ऐ दिल येह सुलगना क्या जलना है तो जल भी उठ
दम घुटने लगा ज़ालिम क्या धूनी रमाई है

मुजरिम को न शरमाओ अह्बाब कफ़न ढक दो
मुंह देख के क्या होगा पर्दे में भलाई है

अब आप ही संभालें तो काम अपने संभल जाएं
हम ने तो कमाई सब खेलों में गंवाई है

ऐ इश्क़ तेरे सदक़े जलने से छुटे सस्ते
जो आग बुझा देगी वोह आग लगाई है

ह़िर्सो ह-वसे बद से दिल तू भी सितम कर ले
तू ही नहीं बेगाना दुन्या ही पराई है

हम दिल-जले हैं किस के हट फ़ितनों के परकाले
क्यूं फूंक दूं इक उफ़ से क्या आग लगाई है

त़यबा न सही अफ़्ज़ल मक्का ही बड़ा ज़ाहिद
हम इश्क़ के बन्दे हैं क्यूं बात बढ़ाई है

मत़्लअ़ में येह शक क्या था वल्लाह रज़ा वल्लाह
सिर्फ़ उन की रसाई है सिर्फ़ उन की रसाई है

हिर्ज़े जां ज़िक्रे शफ़ाअ़त कीजिये

हिर्ज़े जां ज़िक्रे शफ़ाअ़त कीजिये
नार से बचने की सूरत कीजिये

उन के नक़्शे पा पे ग़ैरत कीजिये
आंख से छुप कर ज़ियारत कीजिये

उन के हुस्ने बा मलाहत पर निसार
शीरए जां की ह़लावत कीजिये

उन के दर पर जैसे हो मिट जाइये
ना तुवानो ! कुछ तो हिम्मत कीजिये

फेर दीजे पन्जए देवे लई
मुस्त़फ़ा के बल पे त़ाक़त कीजिये

डूब कर यादे लबे शादाब में
आबे कौसर की सबाह़त कीजिये

यादे क़ामत करते उठिये क़ब्र से
जाने महशर पर क़ियामत कीजिये

उन के दर पर बैठिये बन कर फ़क़ीर
बे नवाओ फ़िक्रे सरवत कीजिये

जिस का हुस्न अल्लाह को भी भा गया
ऐसे प्यारे से महब्बत कीजिये

ह़य्य बाक़ी जिस की करता है सना
मरते दम तक उस की मिद्हत कीजिये

अ़र्श पर जिस की कमानें चढ़ गईं
सदक़े उस बाज़ू पे क़ुव्वत कीजिये

नीम वा त़यबा के फूलों पर हो आंख
बुलबुलो ! पासे नज़ाकत कीजिये

सर से गिरता है अभी बारे गुनाह
ख़म ज़रा फ़र्क़े इरादत कीजिये

आंख तो उठती नहीं क्या दें जवाब
हम पे बे पुरसिश ही रह़मत कीजिये

उ़ज़्र बदतर अज़ गुनह का ज़िक्र क्या
बे सबब हम पर इ़नायत कीजिये

ना'रा कीजे या रसूलल्लाह का
मुफ़्लिसो ! सामाने दौलत कीजिये

हम तुम्हारे हो के किस के पास जाएं
सदक़ा शहज़ादों का रह़मत कीजिये

مَنْ رَاٰنِی قَدْ رَأَى الْحَق जो कहे
क्या बयां उस की ह़क़ीक़त कीजिये

आ़लिमे इ़ल्मे दो आ़लम हैं ह़ुज़ूर
आप से क्या अ़र्ज़े ह़ाजत कीजिये

आप सुल्ताने जहां हम बे नवा
याद हम को वक़्ते ने'मत कीजिये

तुझ से क्या क्या ऐ मेरे त़यबा के चांद
ज़ुल्मते ग़म की शिकायत कीजिये

दर बदर कब तक फिरें ख़स्ता ख़राब
त़यबा में मदफ़न इनायत कीजिये

हर बरस वोह क़ाफ़िलों की धूमधाम
आह सुनिये और ग़फ़्लत कीजिये

फिर पलट कर मुंह न उस जानिब किया
सच है और दा'वाए उल्फ़त कीजिये

अक़्रिबा हुब्बे वत़न बे हिम्मती
आह किस किस की शिकायत कीजिये

अब तो आक़ा मुंह दिखाने का नहीं
किस त़रह रफ़्ए़ नदामत कीजिये

अपने हाथों ख़ुद लुटा बैठे हैं घर
किस पे दा'वाए बिज़ाअ़त कीजिये

किस से कहिये क्या किया क्या हो गया
ख़ुद ही अपने पर मलामत कीजिये

अ़र्ज़ का भी अब तो मुंह पड़ता नहीं
क्या इलाजे दर्दे फ़ुरक़त कीजिये

अपनी इक मीठी नज़र के शह्द से
चारए ज़हरे मुसीबत कीजिये

दे ख़ुदा हिम्मत कि येह जाने ह़ज़ीं
आप पर वारें वोह सूरत कीजिये

आप हम से बढ़ के हम पर मेह्रबां
हम करें जुर्म आप रह़मत कीजिये

जो न भूला हम ग़रीबों को रज़ा
याद उस की अपनी आ़दत कीजिये

दुश्मने अह़मद पे शिद्दत कीजिये

दुश्मने अह़मद पे शिद्दत कीजिये
मुल्ह़िदों की क्या मुरुव्वत कीजिये

ज़िक्र उन का छेड़िये हर बात में
छेड़ना शैत़ां का आ़दत कीजिये

मिस्ले फ़ारिस ज़ल्ज़ले हों नज्द में
ज़िक्रे आयाते विलादत कीजिये

ग़ैज़ में जल जाएं बे दीनों के दिल
''या रसूलल्लाह'' की कसरत कीजिये

कीजिये चरचा उन्हीं का सुब्ह़ो शाम
जाने काफ़िर पर क़ियामत कीजिये

आप दरगाहे ख़ुदा में हैं वजीह
हां शफ़ाअ़त बिल-वजाहत कीजिये

ह़क़ तुम्हें फ़रमा चुका अपना ह़बीब
अब शफ़ाअ़त बिल-मह़ब्बत कीजिये

इज़्न कब का मिल चुका अब तो हुज़ूर
हम ग़रीबों की शफ़ाअ़त कीजिये

मुल्ह़िदों का शक निकल जाए हुज़ूर
जानिबे मह फिर इशारत कीजिये

शिर्क ठहरे जिस में ता'ज़ीमे ह़बीब
उस बुरे मज़्हब पे ला'नत कीजिये

ज़ालिमो ! मह़बूब का ह़क़ था येही
इ़श्क़ के बदले अ़दावत कीजिये

वद्दुह़ा, हुजुरात, अलम नश्रह़ से फिर
मोमिनो ! इत्मामे हुज्जत कीजिये

बैठते उठते हुज़ूरे पाक से
इल्तिजा व इस्तिआ़नत कीजिये

या रसूलल्लाह दुहाई आप की
गोश्माले अहले बिद्अ़त कीजिये

ग़ौसे आ'ज़म आप से फ़रियाद है
ज़िन्दा फिर येह पाक मिल्लत कीजिये

या खुदा तुझ तक है सब का मुन्तहा
औलिया को हुक्मे नुसरत कीजिये

मेरे आक़ा ह़ज़रते अच्छे मियां
हो रज़ा अच्छा वोह सूरत कीजिये

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡم
نَحۡمَدُهٗ وَ نُصَلِّی عَلٰی رَسُوۡلِهِ الۡكَرِیۡم

ह़ाज़िरिये बारगाहे बिहीं जाह वस्ले अव्वल रंगे इल्मी हुज़ूर जाने नूर 1324 सि.हि.

शुक्रे ख़ुदा कि आज घड़ी उस सफ़र की है
जिस पर निसार जान फ़लाह़ो ज़फ़र की है

गरमी है तप है दर्द है कुल्फ़त सफ़र की है
ना शुक्र येह तो देख अ़ज़ीमत किधर की है

किस ख़ाके पाक की तू बनी ख़ाके पा शिफ़ा
तुझ को क़सम जनाबे मसीह़ा के सर की है

आबे ह़याते रूह़ है ज़रक़ा[1] की बूंद बूंद
इक्सीरे आ'ज़मे मिसे दिल ख़ाक दर की है

1 : मदीनए त़य्यिबा की नह्रे मुबारक का नाम है।

हम को तो अपने साए में आराम ही से लाए
ह़ीले बहाने वालों को येह राह डर की है

लुटते हैं मारे जाते हैं यूं ही सुना किये
हर बार दी वोह अम्न कि ग़ैरत ह़ज़र की है

वोह देखो जग-मगाती है शब और क़मर अभी
पहरों नहीं कि बिस्तो चहारुम सफ़र की है

माहे मदीना अपनी तजल्ली अ़त़ा करे !
येह ढलती चांदनी तो पहर दो पहर की है

مَنْ زَارَ تُرْبَتِیْ وَجَبَتْ لَهٗ شَفَاعَتِیْ[1]
उन पर दुरूद जिन से नवीद इन बुशर की है

उस के तुफ़ैल ह़ज भी ख़ुदा ने करा दिये
अस्ले मुराद ह़ाज़िरी उस पाक दर की है

---

1 : ह़दीस में फ़रमाया है : ''مَنْ زَارَ قَبْرِیْ وَجَبَتْ لَهٗ شَفَاعَتِیْ'' जो मेरे मज़ारे पाक की ज़ियारत करे उस के लिये मेरी शफ़ाअ़त वाजिब हो जाए ।12

का'बे का नाम तक न लिया त़यबा ही कहा
पूछा था हम से जिस ने कि नह्ज़त[1] किधर की है

का'बा भी है इन्हीं की तजल्ली का एक ज़िल
रोशन इन्ही के अ़क्स से पुतली[2] ह़जर की है

होते कहां ख़लीलो[3] बिना का'बा व मिना
लौलाक वाले साहि़बी सब तेरे घर की है

मौला[4] अ़ली ने वारी तेरी नींद पर नमाज़
और वोह भी अ़स्र सब से जो आ'ला ख़त़र[5] की है

---

1 : "नह्ज़त" कहीं जाने के इरादे से खड़ा होना।

2 : या'नी "संगे अस्वद" कि सियाह रंग का पथ्थर का'बए मुअ़ज़्ज़मा में नस्ब है और आंख की पुतली से मुशाबेह है।12

3 : का'बए मुअ़ज़्ज़मा ख़लीलुल्लाह عَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام ने बनाया, और "मिना" मक्कए मुअ़ज़्ज़मा से तीन मील पर वोह बस्ती है जहां कुरबानी होती है और तीन जगह शैत़ान को संगरेज़े मारे जाते हैं। येह दोनों बातें भी इस मक़ाम में सुन्नते ख़लीलुल्लाह عَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام हैं।

4 : ख़ैबर से वापसी में "मन्ज़िले सहबा" पर नबी صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने नमाज़े अ़स्र पढ़ कर मौला अ़ली كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهٗ के ज़ानू पर सरे अक़्दस रख कर आराम फ़रमाया, मौला अ़ली ने नमाज़ न पढ़ी थी आंख से देखते रहे कि वक़्त जाता है मगर सिर्फ़ इस ख़याल से कि ज़ानू सरकाऊं तो शायद हुज़ूरे पुरनूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के ख़्वाब में ख़लल आए =

सिद्दीक़ बल्कि ग़ार में जान उस[1] पे दे चुके
और हिफ़्ज़े जां तो जान फ़ुरूज़े ग़ुरर[2] की है

हां[3] तूने उन को जान उन्हें फेर दी नमाज़
पर वोह तो कर चुके थे जो करनी बशर की है

= जुम्बिश न की यहां तक कि आफ़्ताब ग़ुरूब हो गया।

5 : "ख़त़र" ब मा'ना शरफ़, नमाज़े अ़स्र "सलाते वुस्त़ा" है कि सब नमाज़ों से अफ़्ज़लो आ'ला है।12

1 : इस का इशारा नींद की त़रफ़ है या'नी सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने ग़ारे सौर में हुज़ूरे अक़्दस صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की नींद पर अपनी जान कुरबान कर दी कि ग़ारे सौर के सूराख़ में अपने कपड़े फाड़ फाड़ कर बन्द कर दिये एक सूराख़ बाक़ी रहा उस में पाउं का अंगूठा रख दिया और हुज़ूरे अक़्दस صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم को बुलाया हुज़ूर ने उन के ज़ानू पर सरे अक़्दस रख कर आराम फ़रमाया। उस ग़ार में एक सांप मुश्ताक़े ज़ियारते अक़्दस रहता था, अपना सर सिद्दीक़ के पाउं पर मला, उन्हों ने इस ख़याल से कि जान जाए मह़बूब की नींद में ख़लल न आए पाउं न हटाया, आख़िर उस ने पाउं में काट लिया, हर साल वोह ज़ह्‌र औ़द करता, आख़िर इसी से शहादत पाई।

2 : "ग़ुरर" बिज़्ज़म जम्ए़ अग़र ब मा'ना रोशन तर, या'नी जान का रखना सब फ़र्ज़ों से ज़ियादा अहम है, सिद्दीक़ ने ख़्वाबे अक़्दस के मुक़ाबिल इस का भी ख़याल न किया।

3 : चश्मे अक़्दस खुली मौला अ़ली ने अपनी नमाज़ का ह़ाल अ़र्ज़ किया, हुज़ूर ने हुक्म दिया फ़ौरन डूबा =

साबित हुवा कि जुम्ला फ़राइज़ फ़ुरूअ़ हैं
अस्लुल उसूल बन्दगी[1] उस ताजवर की है

शर[2] ख़ैर शौर सौर शरर दूर नार नूर !
बुशरा कि बारगाह येह ख़ैरुल बशर की है

मुजरिम बुलाए आए हैं جَآءُوْكَ[3] है गवाह
फिर रद हो कब येह शान करीमों के दर की है

= हुवा सूरज पलट आया अ़स्र का वक़्त हो गया, मौला अ़ली ने नमाज़ अदा की आफ़्ताब डूब गया, और जब सिद्दीक़े अक्बर के आंसू चेहरए अक़्दस पर गिरे, चश्मे मुबारक खुली, सिद्दीक़े अक्बर ने ह़ाल अ़र्ज़ किया, लुआ़बे द-हने अक़्दस लगा दिया फ़ौरन आराम हो गया, बारह बरस बा'द इसी से शहादत पाई।

1 : नबी صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की बन्दगी या'नी ख़िदमत व गुलामी भी ख़ुदा ही का फ़र्ज़ है मगर येह फ़र्ज़ सब फ़राइज़ से आ'ज़म व अहम है जैसा कि सिद्दीक़े अक्बर और मौला अ़ली ने अ़मल कर के बता दिया और अल्लाह व रसूल ने इसे मक़्बूल रखा।

2 : या'नी यहां ह़ाज़िर हो कर शर "ख़ैर" से बदल जाता है और ग़म व अलम का शौर "सौर" या'नी ख़ुशी व शादी हो जाता है, और ग़म व गुनाह के शर दूर हो जाते हैं। ख़ुलासा येह कि नार यहां की ह़ाज़िरी से नूर हो जाती है। يُبَدِّلُ اللّٰهُ سَيِّاٰتِهِمْ حَسَنٰتٍ۔

3 : क़ुरआने अ़ज़ीम में है : وَلَوْ اَنَّهُمْ اِذْ ظَّلَمُوْۤا اَنْفُسَهُمْ جَآءُوْكَ۔۔۔الآیہ۔ या'नी अगर वोह जब गुनाह करें ऐ नबी तेरी बारगाह में ह़ाज़िर हो कर मुआ़फ़ी चाहें और तू उन की =

बद हैं मगर उन्हीं के हैं बाग़ी नहीं हैं हम
नज्दी न आए उस को येह मन्ज़िल ख़त़र की है

तुफ़ नज्दियत न कुफ़्र न इस्लाम सब पे ह़र्फ़
काफ़िर इधर की है न उधर की अधर की है

ह़ाकिम[1] ह़कीम दादो दवा दें येह कुछ न दें
मरदूद येह मुराद किस आयत, ख़बर की है

शक्ले बशर में नूरे इलाही अगर न हो !
क्या क़द्र उस ख़मीरए मा-ओ मदर की है

= शफ़ाअ़त चाहे तो ज़रूर अल्लाह को तौबा क़बूल करने वाला मेह्रबान पाएं। तो क़ुरआने अ़ज़ीम ख़ुद गुनहगारों को अपने ह़बीब के दरबार में बुला रहा है और करीमों की येह शान नहीं कि अपने दर पर बुला कर रद कर दें।

1 : हुक्काम मुस्तग़ीस को दाद देते हैं, ह़कीम मरीज़ को दवा देते हैं, वहाबी भी इन बातों को मानते हैं मगर हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की निस्बत ए'तिक़ाद रखते हैं कि हुज़ूर कुछ देते नहीं, अगर ग़ैरे ख़ुदा से मांगना शिर्क है तो ह़ाकिम व ह़कीम से दाद या दवा का मांगना क्यूं न शिर्क हुवा, और अगर वासित़ए अ़त़ाए ख़ुदा जान कर उन से मांगना शिर्क नहीं तो नबी صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم से मांगना क्यूं शिर्क हुवा, येह नापाक फ़र्क़ कौन सी आयत व ह़दीस में है।

नूरे इलाह क्या है महब्बत हबीब की
जिस दिल में येह न हो वोह जगह ख़ूको ख़र की है

ज़िक्रे ख़ुदा जो उन से जुदा चाहो नज्दियो !
वल्लाह ज़िक्रे हक़ नहीं कुन्जी सक़र[1] की है

बे उन के वासिते के ख़ुदा कुछ अता करे
हाशा ग़लत ग़लत येह हवस बे बसर[2] की है

मक़्सूद येह हैं आदमो नूहो ख़लील से
तुख़्मे करम में सारी करामत समर की है

---

1 : हुनूद के जोगी और यहूदो नसारा के राहिब भी अपने ज़ो'म में यादे ख़ुदा करते हैं मगर मुहम्मद मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم से अलग हो कर लिहाज़ा जहन्नमी हुए ।12

2 : अइम्मए दीन तसरीह फ़रमाते हैं कि दुन्या में और आख़िरत में, ज़ाहिर में और बातिन में, जिस्म और रूह में जो ने'मत जो ब-र-कत और जो ख़ूबी रोज़े अज़ल से अ-बदल आबाद तक जिसे मिली और मिलती है और मिलेगी इस सब में वासिता व क़ासिम मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم हैं, हुज़ूर के हाथ से मिली और मिलती है और मिलेगी, ख़ुद हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं : ''اِنَّمَا اَنَا قَاسِمٌ وَاللّٰهُ الْمُعْطِیْ'' देने वाला ख़ुदा है और बांटने वाला मैं । इस का मुफ़स्सल बयान मुसन्निफ़ के रिसाले ''سَلْطَنَةُ الْمُصْطَفٰی فِیْ مَلَكُوْتِ كُلِّ الْوَرٰی'' में है ।

उन की नुबुव्वत[1] उन की उबुव्वत है सब को आम
उम्मुल बशर अ़रूस इन्हीं के पिसर की है

ज़ाहिर[2] में मेरे फूल ह़क़ीक़त में मेरे नख़्ल
उस गुल की याद में येह सदा बुल बशर की है

पहले[3] हो उन की याद कि पाए जिला नमाज़
येह कहती है अज़ान जो पिछले पहर की है

---

1 : उ़-लमा फ़रमाते हैं नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم तमाम आ़लम के पि-दरे मा'नवी हैं कि सब कुछ इन्हीं के नूर से पैदा हुवा, इसी लिये हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का नामे पाक ''अबुल अरवाह़'' है तो ह़ज़रते आदम عَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام अगर्चे सूरत में हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के बाप हैं मगर ह़क़ीक़त में वोह भी हुज़ूर के बेटे हैं तो ''उम्मुल बशर'' या'नी ह़ज़रते ह़व्वा हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ही के पिसर ''आदम'' की अ़रूस हैं। عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام

2 : आदम जब हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم को याद करते तो यूं कहते : ''**يَا ابْنِيْ صُوْرَةً وَّاَبِيْ مَعْنًى**'' ऐ ज़ाहिर में मेरे बेटे और ह़क़ीक़त में मेरे बाप।

3 : दोनों ह़रम शरीफ़ में तहज्जुद के वक़्त से मुअज़्ज़िन मनारों पर जा कर हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم पर सलातो सलाम ब आवाज़े बुलन्द अ़र्ज़ करते रहते हैं तो नमाज़े सुब्ह़ से पहले हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की याद होती है जिस से नमाज़ जिला पाती है जैसे फ़र्ज़ से पहले सुन्नतें।

दुन्या मज़ार ह़श्र जहां हैं ग़फ़ूर[1] हैं
हर मन्ज़िल अपने चांद की मन्ज़िल ग़फ़्र[2] की है

उन पर दुरूद जिन को ह़जर तक करें सलाम
उन पर सलाम जिन को तह़िय्यत शजर की है

उन पर दुरूद जिन को कसे बे-कसां कहें
उन पर सलाम जिन को ख़बर बे ख़बर की है

जिन्नो बशर सलाम को ह़ाज़िर हैं अस्सलाम
येह बारगाह मालिके जिन्नो बशर की है

शम्सो क़मर सलाम को ह़ाज़िर हैं अस्सलाम
ख़ूबी इन्ही की जोत से शम्सो क़मर की है

सब बह़रो बर सलाम को ह़ाज़िर हैं अस्सलाम
तम्लीक इन्हीं के नाम तो हर बह़रो बर की है

---

1 : "ग़फ़ूर" भी हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का नामे पाक है जिस की त़रफ़ तौरैत में इशारा है।12

2 : चांद की 28 मन्ज़िलों से पन्दरहवीं मन्ज़िल का नाम है।

संगो शजर सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
कलिमे से तर ज़बान दरख़्तो हजर की है

अर्ज़ो असर सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
मल्जा येह बारगाह दुआ़ओ असर की है

शोरीदा सर सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
राहत इन्हीं के क़दमों में शोरीदा सर की है

ख़स्ता जिगर सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
मरहम यहीं की ख़ाक तो ख़स्ता जिगर की है

सब ख़ुश्को तर सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
येह जल्वा गाह मालिके हर ख़ुश्को तर की है

सब करोंं फ़र सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
टोपी यहीं तो ख़ाक पे हर करोंं फ़र की है

अहले नज़र सलाम को हाज़िर हैं अस्सलाम
येह गर्द ही तो सुरमा सब अहले नज़र की है

आंसू बहा कि बह गए काले गुनह के ढेर
हाथी डुबाउ झील यहां चश्मे तर की है

तेरी[1] क़ज़ा ख़लीफ़ए अह़कामे ज़िल जलाल
तेरी रिज़ा ह़लीफ़ क़ज़ा-ओ क़दर की है

येह प्यारी[2] प्यारी क्यारी तेरे ख़ाना बाग़ की
सर्द इस की आबो ताब से आतिश सक़र की है

जन्नत[3] में आ के नार में जाता नहीं कोई
शुक्रे ख़ुदा नवीद नजातो ज़फ़र की है

---

1 : क़ज़ा : हुक्म, ख़लीफ़ा : नाइब, ह़लीफ़ : वोह दोस्त जिन में हमेशा दोस्ती रखने का ह़ल्फ़ हो गया हो।

2 : क़ब्रे अन्वर व मिम्बरे अत़्हर के बीच में जो ज़मीन है उस की निस्बत इर्शाद फ़रमाया कि رَوْضَةٌ مِّنْ رِيَاضِ الْجَنَّةِ जन्नत की क्यारियों में से एक क्यारी है।12

3 : अल्लाह और रसूल के करम पर भरोसा कर के एक मुदल्लल तमन्ना है या'नी सह़ीह़ ह़दीस से साबित है कि येह मक़ाम जन्नत की क्यारी है और अल्लाह व रसूल ने मह़ज़ अपने करम से मोह़ताजों को यहां जगह दी यहां नमाज़ें पढ़नी नसीब कीं तो بِحَمْدِاللهِ تَعَالٰی जन्नत में दाख़िल हुए और जन्नत में जा कर फिर कोई नार में नहीं जाता तो उम्मीद है कि अब हम नार का मुंह न देखेंगे। اِنْ شَآءَ اللهُ تَعَالٰی

मोमिन हूं मोमिनों पे रऊफ़ो रह़ीम हो
साइल हूं साइलों को ख़ुशी [1]لَا نَهَر की है

दामन का वासित़ा मुझे उस धूप से बचा
मुझ को तो शाक़ जाड़ों में इस दो पहर की है

मां दोनों भाई बेटे भतीजे अ़ज़ीज़ दोस्त
सब तुझ को सोंपे मिल्क ही सब तेरे घर की है

जिन जिन मुरादों के लिये अह़बाब ने कहा
पेशे ख़बीर क्या मुझे ह़ाजत ख़बर की है

फ़ज़्ले ख़ुदा से ग़ैब शहादत हुवा इन्हें
इस पर शहादत आयतो वह़्यो[1] असर की है

---

1 : पहले मिस्रए में आयत ''بِالْمُؤْمِنِيْنَ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ'' की त़रफ़ तल्मीह़ थी, यहां ''وَاَمَّا السَّآئِلَ فَلَا تَنْهَرْ'' की त़रफ़ इशारा है या'नी साइल को न झिड़क । ''لَا نَهَر'' के येह मा'ना कि झिड़क्ना नहीं हर कलिमए सलासी ह़ल्क़िय्युल ऐ़न मिस्ल शऊ़र व नह़्र व बस्र व ज़ह़्र तस्कीन व तह़रीके ऐ़न दोनों मुत्त़रिद हैं ।12

2 : वह़्य से मुराद ब दलील मुक़ाबला वह़्ये ग़ैर मतलू अह़ादीसे नबी صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم और असर अक़्वाले सह़ाबा । رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُم

कहना न कहने वाले थे जब से तो इत्तिलाअ़[1]
मौला को क़ौलो क़ाइलो हर ख़ुश्को तर की है

उन पर किताब उतरी بَيَانًا لِّكُلِّ شَىْءٍ[2]
तफ़्सील जिस में मा अ़-बरो[3] मा ग़बर की है

आगे रही अ़ता वोह ब क़दरे त़लब तो क्या
आ़दत यहां उमीद से भी बेश्तर की है

बे मांगे देने वाले की ने'मत में ग़र्क़ हैं
मांगे से जो मिले किसे फ़ह्म उस क़दर की है

---

1 : ह़दीस में है रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं : ''اِنَّ اللّٰهَ قَدْ رَفَعَ لِیَ الدُّنْیَا فَاَنَا اَنْظُرُ اِلَیْھَا وَاِلٰی مَا ھُوَ کَائِنٌ فِیْھَا اِلٰی یَوْمِ الْقِیَامَۃِ کَاَنَّمَا اَنْظُرُ اِلٰی کَفِّیْ ھٰذِہٖ'' बेशक अल्लाह तआ़ला ने मेरे सामने दुन्या उठा ली तो मैं तमाम दुन्या को और जो कुछ इस में क़ियामत तक होने वाला है सब को ऐसा देखता हूं जैसा अपनी इस हथेली को ।12

2 : इशारा ब आयए करीमा ''نَزَّلْنَا عَلَيْكَ الْكِتٰبَ تِبْيَانًا لِّكُلِّ شَىْءٍ'' हम ने तुम पर उतारा क़ुरआन हर चीज़ का रोशन बयान ।

3 : ''मा अ़-ब़-र'' जो गुज़र गया, और ''मा ग़-ब-र'' जो बाक़ी रहा, इशारा ब ह़दीस ''فِيْهِ نَبَأٌ مِنْ قَبْلِكُمْ وَخَبَرٌ مَنْ بَعْدِكُمْ'' क़ुरआन में तुम से अगलों और तुम से पिछलों सब के अह़्वाल की ख़बर है ।

अह़बाब इस से बढ़ के तो शायद न पाएं अ़र्ज़
ना कर्दा अ़र्ज़ अ़र्ज़ येह त़र्ज़े दिगर की है

दन्दां का ना'त ख़्वां हूं ना पायाब होगी आब
नद्दी गले गले मेरे आबे गुहर की है

दश्ते ह़रम में रहने दे सय्याद अगर तुझे
मिट्टी अ़ज़ीज़ बुलबुले बे बालो पर की है

या रब रज़ा न अह़मदे पारीना[1] हो के जाए
येह बारगाह तेरे ह़बीबे अबर[2] की है

तौफ़ीक़ दे कि आगे न पैदा हो ख़ूए बद
तब्दील कर जो ख़स्लते बद पेश्तर की है

आ कुछ सुना दे इ़श्क़ के बोलों में ऐ रज़ा
मुश्ताक़ त़ब्अ़ लज़्ज़ते सोज़े जिगर की है

❁❁❁❁❁

---

1 : ''पारीना'' या'नी जैसा साले गुज़श्ता, इशारा ब मिस्रअ़ ''من ہماں احمد پارینہ کہ بودم ہستم۔''

2 : ब फ़-त-ह़तैन व रा-ए मुशद्ददा निकूतर और सब से ज़ियादा एह़सान करने वाला ।12

ह़ाज़िरिये दरगाहे अ-बदी पनाह
वस्ले दुवुम रंगे इश्क़ी 1324 हि.

भीनी सुहानी सुब्ह़ में ठन्डक जिगर की है
कलियां खिलीं दिलों की हवा येह किधर की है

खुबती हुई नज़र में अदा किस सह़र की है
चुभती हुई जिगर में सदा किस गजर की है

डालें हरी हरी हैं तो बालें भरी भरी
किश्ते अमल[1] परी है येह बारिश किधर की है

हम जाएं और क़दम से लिपट कर ह़रम कहे
सोंपा खुदा को येह अ़-ज़मत किस सफ़र की है[2]

---

1 : ''अमल'' ब फ़-त-ह़तैन उम्मीद व आरज़ू, ''परी'' या'नी ख़ूब सूरत व खुशनुमा।12

2 : मदीना पब्लिशिंग कम्पनी कराची के नुस्खे़ में येह मिस्रआ़ यूं लिखा है : ''सोंपा खुदा को तुझ को येह अ़-ज़मत सफ़र की है'' जब कि रज़ा एकेडमी बम्बई, मक्तबए ह़ामिदिय्या लाहोर और मौलाना अ़ब्दुल मुस्त़फ़ा अल अज़्हरी رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه के तस्ह़ीह़ शुदा नुस्खे़ में यूं ही लिखा है :
''सोंपा खुदा को येह अ़-ज़मत किस सफ़र की है'' । इ़ल्मिय्या

हम गिर्दे का'बा फिरते थे कल तक और आज वोह
हम पर निसार[1] है येह इरादत किधर की है

कालक जबीं की सज्दए दर से छुड़ाओगे
मुझ को भी ले चलो येह तमन्ना ह़जर की है

डूबा हुवा है शौक़ में ज़मज़म और आंख से
झाले बरस रहे हैं येह ह़सरत किधर की है

बरसा कि जाने वालों पे गौहर करूं निसार
अब्रे करम से अ़र्ज़ येह मीज़ाबे ज़र[2] की है

आग़ोशे शौक़ खोले है जिन के लिये ह़तीम[3]
वोह फिर के देखते नहीं येह धुन किधर की है

---

1 : बारहा साबित हुवा कि का'बए मुअ़ज़्ज़मा ने मक़्बूलाने बारगाहे इ़ज़्ज़त गदायाने सरकारे रिसालत के गिर्द त़वाफ़ किया है, ह़दीस में है मुसल्मानों की हुरमत अल्लाह के नज़्दीक का'बए मुअ़ज़्ज़मा की हुरमत से ज़ियादा है।
2 : का'बए मुअ़ज़्ज़मा की दीवारे शिमाली पर ह़तीम की त़रफ़ जो ख़ालिस सोने का परनाला लगा है उसे मीज़ाबे ज़र कहते हैं।
3 : ज़मानए जाहिलिय्यत में क़ुरैश ने बिनाए का'बए मुअ़ज़्ज़मा की तज्दीद की थी कमिये ख़र्च के बाइ़स =

हां हां रहे मदीना है ग़ाफ़िल ज़रा तो जाग
ओ पाउं रखने वाले येह जा चश्मो सर की है

वारूं क़दम क़दम पे कि हर दम है जाने नौ
येह राहे जां फ़िज़ा मेरे मौला के दर की है

घड़ियां गिनी हैं बरसों की येह शुब घड़ी[1] फिरी
मर मर के फिर येह सिल मेरे सीने से सरकी है

अल्लाहु अक्बर ! अपने क़दम और येह ख़ाके पाक
ह़सरत मलाएका को जहां वज़्ए़ सर की है

मे'राज का समां है कहां पहुंचे ज़ाइरो !
कुरसी से ऊंची कुरसी उसी पाक घर की है

= चन्द गज़ ज़मीन शिमाल की त़रफ़ छोड़ कर दीवारें उठा दीं वोह ज़मीन अस्ल में का'बए मुअ़ज़्ज़मा ही की है उस के गिर्द क़ौसी शक्ल पर कमर तक बुलन्द एक दीवार खींच दी गई है और दोनों त़रफ़ से जाने की राह रखी है इस टुकड़े को ह़त़ीम कहते हैं येह बिल्कुल आग़ोश की शक्ल पर है।

1 : "शुब" ब ज़म्मे सीन व सुकूने बाए मुवह़्ह़दा, ज़बाने हिन्दी में ब मा'ना नेक व सईद, "शुभ घड़ी" साअ़ते सईद।

उ़श्शाके़ रौज़ा[1] सज्दा में सूए ह़रम झुके
अल्लाह जानता है कि निय्यत किधर की है

1 : इस शे'र के दो मा'ना हैं एक ज़ाहिरी या'नी आ़शिक़ाने रौज़ा का अपना जी तो चाहता था कि रौज़ए अत़्हर की त़रफ़ सज्दे का हुक्म हो मगर शर-ए़ मुत़ह्हर ने इस से मन्अ़ फ़रमाया और का'बए मुअ़ज़्ज़मा क़िब्ला क़रार पाया तो ब ता'मीले हुक्म का'बे ही की त़रफ़ सज्दे में झुके मगर दिल की ख़्वाहिश से ख़ुदा को ख़बर है तो इस वक़्त गोया इन की वोह ह़ालत है जो 17 महीने बैतुल मुक़द्दस की त़रफ़ हुक्मे सुजूद होने में मुसल्मानों की ह़ालत थी कि ब ता'मीले हुक्म बैतुल मुक़द्दस की त़रफ़ सज्दा करते और दिल में ख़्वाहिश येही थी कि मक्कए मुअ़ज़्ज़मा क़िब्ला कर दिया जाए, قَالَ اللّٰهُ تَعَالٰی:"فَلَنُوَلِّيَنَّكَ قِبْلَةً تَرْضٰهَا इस तक़्दीर पर निय्यत ब मा'ना रग़्बत व ख़्वाहिश है। दूसरे मा'ना दक़ीक़ कि आ़शिक़ाने रौज़ा का सज्दा अगर्चे सू-रतन सूए ह़रम है मगर निय्यत का ह़ाल ख़ुदा जानता है कि वोह किसी वक़्त उस के मह़बूब صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم से जुदा न हुए, वोह जानते हैं कि

का'बा भी है उन्हीं की तजल्ली का एक ज़िल

का'बा भी उन्हीं के नूर से बना उन्हीं के जल्वे ने का'बे को का'बा बना दिया, तो ह़क़ीक़ते का'बा वोह जल्वए मुह़म्मदिय्यह है जो उस में तजल्ली फ़रमा है, वोही रूहे़ क़िब्ला और उसी की त़रफ़ ह़क़ीक़तन सज्दा है। इतना याद रहे कि ह़क़ीक़ते मुह़म्मदिय्यह हमारी शरीअ़त में مسجود اليها है और...... अगली शरीअ़तों में सज्दए ता'ज़ीमी की مسجود لها थी, मलाएका व या'क़ूब व अब्नाए या'क़ूब عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام ने इसी को सज्दा किया, आदम व यूसुफ़ عَلَيْهِمَا الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام क़िब्ला थे।

येह घर[1] येह दर है उस का जो घर दर से पाक है
मुज़्दा हो बे घरो कि सला अच्छे घर की है

महबूबे रब्बे अ़र्श है इस सब्ज़ कुब्बे में
पहलू में जल्वा गाह अ़तीक़ो[2] उ़मर की है

छाए[3] मलाएका हैं लगातार है दुरूद !
बदले हैं पहरे बदली में बारिश दुरर की है

---

1 : या'नी रौज़ए पुरनूर तजल्लिये इलाही का घर अ़ताए इलाही का दरवाज़ा है कि अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ के ज़िल्ले अव्वल व अतम्म व अक्मल व ख़लीफ़ए मुत्लक़ व क़ासिमे हर ने'मत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم इस में तशरीफ़ फ़रमा हैं।

2 : "अ़तीक़" ब मा'ना आज़ाद व करीम व हसीन नामे सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ।

3 : मज़ारे पुर अन्वार पर सत्तर हज़ार फ़िरिश्ते हर वक़्त हाज़िर रह कर सलातो सलाम अ़र्ज़ करते रहते हैं, सत्तर हज़ार सुब्ह आते हैं अ़स्र तक रहते हैं, अ़स्र के वक़्त येह बदल दिये जाते हैं, सत्तर हज़ार दूसरे आते हैं वोह सुब्ह तक रहते हैं यूं ही क़ियामत तक बदली होगी और जो एक बार आए दोबारा न आएंगे कि मन्ज़ूर उन सब मलाएका को यहां की हाज़िरी से मुशर्रफ़ फ़रमाना है अगर येह तब्दील न होते तो करोड़ों महरूम रह जाते। बदली यहां ब मा'ना तब्दील है और इस से बतौर ईहाम मा'ना अब्र व सहाब की तरफ़ इशारा किया और इस बदली में दुरर या'नी मोतियों की बारिश बताई जिस से मुराद लगातार दुरूद शरीफ़ है।

सा'दैन[1] का क़िरान है पहलूए माह में
झुरमट किये हैं तारे तजल्ली क़मर की है

सत्तर हज़ार सुब्ह़ हैं सत्तर हज़ार शाम
यूं बन्दगिये ज़ुल्फ़ो रुख़ आठों पहर की है

जो एक बार आए दोबारा न आएंगे
रुख़्सत ही बारगाह से बस इस क़दर की है

तड़पा करें बदल के फिर आना कहां नसीब
बे हुक्म कब मजाल परिन्दे को पर की है

ऐ वाए बे कसिये तमन्ना कि अब उमीद
दिन[2] को न शाम की है न शब को सह़र की है

---

1 : "सा'दैन" दो सय्यारे सईद ज़ुहरा व मुश्तरी और "क़िरान" ब कस्रे क़ाफ़, इन का एक द-रजा दो दक़ीक़ए फ़लक में जम्अ़ होना, यहां सा'दैन से मुराद सिद्दीक़ व फ़ारूक़ हैं رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُمَا और माह व क़मर रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم और तारे वोही सत्तर हज़ार मलाएका कि मज़ारे अन्वर पर छाए हुए रहते हैं ।12

2 : जो शाम को ह़ाज़िर होने वाले थे उन को दिन भर शाम की उम्मीद लगी थी कि शाम हो और हम ह़ाज़िर हों, जो सुब्ह़ को ह़ाज़िर होने वाले थे उन्हें शब भर सुब्ह़ की आस बंधी हुई थी कि सुब्ह़ हो और हम ह़ाज़िर हों जो एक बार ह़ाज़िर हो चुके हैं उन्हें न दिन को वैसी शाम की उम्मीद है न शब को वैसी सुब्ह़ की, कि दोबारा आना न होगा ।

येह बदलियां न हों तो करोरों की आस जाए
और बारगाह मर-ह़-मते आ़म तर की है

मा'सूमों को है उ़म्र में सिर्फ़ एक बार बार
आ़सी पड़े रहें तो सला उ़म्र भर की है

ज़िन्दा रहें तो ह़ाज़िरिये बारगह नसीब
मर जाएं तो ह़याते अबद ऐ़श घर की है

मुफ़्लिस और ऐसे दर से फिरे बे ग़नी हुए
चांदी हर इक त़रह़ तो यहां गद्या-गर की है

जानां पे तक्या ख़ाक निहाली है दिल निहाल
हां बे नवाओ ख़ूब येह सूरत गुज़र की है

हैं चत्रो तख़्त सायए दीवारो ख़ाके दर
शाहों को कब नसीब येह धज कर्रो फ़र की है

उस पाक कू में ख़ाक ब सर सर ब ख़ाक हैं
समझे हैं कुछ येही जो ह़क़ीक़त बसर[1] की है

---

1 : ''बसर'' ब मा'ना गुज़र, ख़ूब बसर होती है या'नी ख़ूब गुज़रती है।12

क्यूं ताजदारो ! ख़्वाब में देखी कभी येह शै
जो आज झोलियों में गदायाने दर की है

जारू कशों[1] में चेहरे लिखे हैं मुलूक के
वोह भी कहां नसीब फ़क़त़ नाम भर की है

त़यबा[2] में मर के ठन्डे चले जाओ आंखें बन्द
सीधी सड़क येह शहरे शफ़ाअ़त नगर की है

आ़सी भी हैं चहीते येह त़यबा है ज़ाहिदो !
मक्का नहीं कि जांच जहां ख़ै़रो शर की है

शाने जमाल त़य-बए जानां है नफ़्ए़ मह़्ज़ !
वुस्अ़त जलाले मक्का में सूदो ज़रर की है

---

1 : ''जारू कश'' मुख़फ़्फ़फ़ जारूब कश, दोनों सरकारों में सुल्त़ाने रूम أَعَزَّ اللّٰهُ نَصْرَهٗ वग़ैरा सलात़ीने इस्लाम के चेहरे जारूब कशों में लिखे हैं। सरकारों से इस की तन-ख़्वाह पाते हैं इन का नाइब रहता और येह ख़िदमत बजा लाता है।

2 : ह़दीस में फ़रमाया : ''مَنِ اسْتَطَاعَ مِنْكُمْ اَنْ يَمُوْتَ بِالْمَدِيْنَةِ فَلْيَمُتْ بِهَا فَاِنِّيْ اَشْفَعُ لِمَنْ يَمُوْتُ بِهَا'' तुम में जिस से हो सके कि मदीने में मरे तो मदीने ही में मरना कि जो इस में मरेगा मैं उस की शफ़ाअ़त करूंगा।12

का'बा है बेशक अन्जुम-आरा दुल्हन मगर
सारी बहार दुल्हनों में ! दूल्हा के घर की है

का'बा दुल्हन है तुरबते अत्हर नई दुल्हन
येह रश्के आफ़्ताब वोह ग़ैरत क़मर की है

दोनों बनीं सजीली अनीली बनी मगर
जो पी के पास है वोह सुहागन कुंवर[1] की है

सर सब्ज़े[2] वस्ल येह है सियह पोशे हिज्र वोह
चमकी दुपट्टों से है जो हालत जिगर की है

मा-ओ शुमा[3] तो क्या कि ख़लीले जलील को
कल देखना कि उन से तमन्ना नज़र की है

---

1 : "कुंवर" ब ज़बाने हिन्दी मा'ना अमीर, सरदार, ख़ूब सूरत हसीन।
2 : रौज़ए अत्हर पर गिलाफ़ सब्ज़ है और का'बए मुअ़ज़्ज़मा पर सियाह।12
3 : सहीह हदीस में फ़रमाया कि रोज़े क़ियामत तमाम ख़लाइक़ मेरी त़रफ़ नियाज़ मन्द होगी यहां तक कि ख़लीलुल्लाह इब्राहीम عَلَيْهِ الصَّلَاةُ وَالتَّسْلِيْم।12

अपना शरफ़ दुआ से है बाक़ी रहा क़बूल
येह जानें इन के हाथ में कुन्जी असर की है

जो चाहे उन से मांग कि दोनों जहां की ख़ैर
ज़र ना-ख़रीदा एक कनीज़ उन के घर की है

रूमी ग़ुलाम दिन ह़-बशी बांदियां शबें
गिनती कनीज़ ज़ादों में शामो सह़र की है

इतना अ़जब[1] बुलन्दिये जन्नत पे किस लिये
देखा नहीं कि भीक येह किस ऊंचे घर की है

अ़र्शे बरीं पे क्यूं न हो फ़िरदौस का दिमाग़
उतरी हुई शबीह तेरे बामो दर की है

---

1 : जन्नत सातों आस्मानों से ऊपर है जिस की छत अ़र्शे मुअ़ल्ला है बा'ज़ गदायाने बारगाह अगर तअ़ज्जुब करें कि हम जैसे पस्त व बे मिक़्दार और इतनी बुलन्द अ़ता तो जवाब बताया है कि येह तुम्हारे इस्तिह़क़ाक़ व लियाक़त की बिना पर नहीं बल्कि देने वाले की रह़मत व अ़ता है देखते नहीं कि भीक कैसे ऊंचे घर की है तो इस की इतनी बुलन्दी क्या अ़जब है ।12

वोह ख़ुल्द जिस में उतरेगी अबरार[1] की बरात
अदना निछावर इस मेरे दूल्हा के सर की है

अ़म्बर[2] ज़मीं अ़बीर हवा मुश्के तर गुबार !
अदना सी येह शनाख़्त तेरी रह गुज़र की है

सरकार हम गंवारों में त़र्ज़े अदब कहां
हम को तो बस तमीज़ येही भीक भर की है

मांगेंगे मांगे जाएंगे मुंह मांगी पाएंगे
सरकार में न "ला" है[3] न ह़ाजत "अगर" की है

---

1 : अबरार का मर्तबा मुक़र्रबीन से बहुत कम है यहां तक कि "حَسَنَاتُ الْاَبْرَارِ سَيِّاٰتُ الْمُقَرَّبِيْن" फिर मुक़र्रबीन में भी द-रजात बे शुमार हैं और उन्हें भी आ'ला और आ'ला से आ'ला जो द-रजे मिलेंगे वोह भी सब हुज़ूर ही का तसद्दुक़ है, इसी लिये इसे अदना निछावर कहा वरना जन्नत में कुछ अदना नहीं।12

2 : या'नी जिस राह से हुज़ूर गुज़र फ़रमाएं वहां की ज़मीन अ़म्बर हो जाती है हवा अ़बीर बन जाती है और गुबार मुश्के तर हो जाता है।

3 : साइल को न मिलने की दो सूरतें होती हैं : एक येह कि जिस से मांगा वोह सिरे से इन्कार कर दे येह तो "ला (لا)" हुवा या'नी नहीं, दूसरे येह कि शर्त़ पर टाले कि अगर हमारे पास हुवा तो देंगे या अगर तुम ने फ़ुलां काम किया तो देंगे इन की सरकार में येह दोनों बातें नहीं तो ज़रूर हमें उम्मीद है कि जो हम मांगेंगे पाएंगे।

उफ़ बे ह़याइयां कि येह मुंह और तेरे हुज़ूर
हां तू करीम है तेरी ख़ू दर गुज़र की है

तुझ से छुपाऊं मुंह तो करूं किस के सामने
क्या और भी किसी से तवक़्क़ोअ़ नज़र की है

जाऊं कहां पुकारूं किसे किस का मुंह तकूं
क्या पुरसिश और जा भी सगे बे हुनर की है

बाबे अ़ता तो येह है जो बहका इधर उधर
कैसी ख़राबी उस नि-घरे दर बदर की है

आबाद एक दर है तेरा और तेरे[1] सिवा
जो बारगाह देखिये ग़ैरत खंडर की है

लब वा हैं आंखें बन्द हैं फैली हैं झोलियां
कितने मज़े की भीक तेरे पाक दर की है

1 : औलियाए किराम की बारगाहें भी हुज़ूर ही की बारगाह हैं, हुज़ूर ही की कफ़्श बरदारी से वोह औलिया हुए और वासित़ा व वसीला बने ह़त्ता कि अम्बिया भी हुज़ूर ही के तुफ़ैली और अ़ताए फ़ैज़ में हुज़ूर ही के नाइब हैं। عَلَيۡهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام

घेरा अंधेरियों ने दुहाई है चांद की
तन्हा हूं काली रात है मन्ज़िल ख़त़र की है

क़िस्मत में लाख पेच हों सो बल हज़ार कज
येह सारी गुथ्थी इक तेरी सीधी नज़र की है

ऐसी बंधी नसीब खुले मुश्किलें खुलीं
दोनों जहां में धूम तुम्हारी कमर की है

जन्नत न दें, न दें, तेरी रूयत हो ख़ैर से
इस गुल के आगे किस को हवस बर्गो बर की है

शरबत[1] न दें, न दें, तो करे बात लुत्फ़ से
येह शहद हो तो फिर किसे परवा शकर की है

मैं ख़ानाज़ाद कुहना हूं सूरत लिखी हुई
बन्दों कनीज़ों में मेरे मादर पिदर की है

---

